Annoucement by the Speaker regarding welcoming H.E. Mr. Shalve Papuashvili, Chairman of the Parliament of Georgia and Members of Parliamentary Delegation

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, मुझे आपको यह सूचित करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि हमारे सदन के विशिष्ट बॉक्स में जॉर्जिया की संसद के चेयरमैन श्री शालवा पपुआशविली के नेतृत्व में जॉर्जिया का उच्च स्तरीय संसदीय शिष्टमंडल उपस्थित है । मैं अपनी ओर से तथा सदन के सभी माननीय सदस्यों की ओर से उनका हार्दिक अभिनंदन करता हूं, स्वागत करता हूं ।

माननीय श्री शालवा पपुआशविली और उनके संसदीय शिष्टमंडल की भारत यात्रा दोनों देशों के संबंधों की गहराई का प्रतीक है । उनकी इस यात्रा से दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग एवं संबंध और मजबूत होंगे । हम भारत में उनके सुखद, सफल एवं मंगलमय प्रवास की कामना करते हैं । उनके माध्यम से हम जॉर्जिया की संसद तथा वहां की मित्रवत जनता को बधाई और शुभकामनाएं देते हैं ।

The Lok Sabha re-assembled at Twelve of the Clock

(Shri P. C. Mohan *in the Chair*)